हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

06 विकास ही हमारी विश्वसनीयता, उसी के ...


07 50 करोड़ से बने राजगढ़-खुजनेर मार्ग के शोल्डर...




**लोकसभा क्षेत्र**
भोपाल

1 **भाजपा प्रत्याशी**
आलोक शर्मा

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
अरुण श्रीवास्तव

**पिछली बार कौन जीता**
प्रज्ञा सिंह ठाकुर

**जीत का अंतर**
3 लाख 63 हजार 437

## क्या रहेंगे मुद्दे?

भोपाल लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुद्दा रोजगार का है। यदि बीएचईएल को छोड़ दिया जाए तो ऐसा कोई औद्योगिक कारखाना आदि नहीं हैं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। राजधानी में रोजगार एक प्रमुख मुद्दे के रूप में सामने है। दूसरी तरफ राजधानी क्षेत्र होने के बावजूद शहर का बेरतरतीब विकास एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से हर दिन लोक दो-चार होते हैं। मुख्य मार्ग तो व्यवस्थित हैं, पर अंदर कालोनियों की सड़कें जर्जर है। इससे लोग परेशान होते हैं। एक अन्य बड़ी समस्या झुग्गी बस्तियां है। यहां राजनैतिक दखलंदाजी की वजह से हर दिन नई झुग्गी बस्ती तैयार होती है। वोट के चक्कर में जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं देते हैं।

### इस बार भी यहां मोदी फैक्टर हावी, कांग्रेस को मुद्दों को लेकर भरोसा

# भाजपा के गढ़ को भेदना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

*भोपाल लोकसभा सीट से भाजपा ने पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। पिछली बार कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा था। किंतु वे 3 लाख 63 हजार 437 वोटों से भाजपा प्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर से चुनाव हार गए। इस बार भाजपा व कांग्रेस के बीच रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। हालांकि भाजपा के गढ़ को भेदना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

हरि अग्रहरि ⏭ भोपाल

भोपाल लोकसभा क्षेत्र को भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता है। भाजपा ने भोपाल लोकसभा सीट से पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट दिया है।

यदि भोपाल लोकसभा क्षेत्र का संसदीय इतिहास देखे तो 1952 से लेकर 2019 तक में कुल 17 चुनाव हुए। इसमें 6 बार कांग्रेस व 11 बार जनसंघ, जनता पार्टी व भाजपा ने अपना कब्जा जमाया। 1952 में सैदुल्लाह रजमी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद बने थे, किंतु इसी वर्ष बाद में चतुर नारायण मालवीय सांसद बन गए। 1957 व 1962 के चुनाव में मैमूना सुल्तान चुनकर संसद में पहुंचीं। जब 1967 में चुनाव हुआ तो जनसंघ के जगन्नाथ जोशी चुनाव जीत गए। 1971 में शंकर दयाल शर्मा इस सीट से चुनाव जीत कर लोकसभा में पहुंचें। 1977 में फिर जनता पार्टी की लहर में आरिफ बेग जीत गए। इसके बाद दो चुनाव 1980 में शंकर दयाल शर्मा व 1984 में केएन प्रधान कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते, किंतु इसके बाद 1989 से लेकर 2019 तक कांग्रेस का खाता नहीं खुला। 1989, 1991, 1996, 1998 में सुशीलचंद वर्मा सांसद चुने गए। 1999 में उमा भारती भाजपा की टिकट पर चुनी गई। इसके बाद 2004 व 2009 में कैलाश जोशी भाजपा से सांसद बने। 2014 में भाजपा ने आलोक संजर को मैदान में उतारा और वे भी चुनाव जीत गए। इन सभी में सबसे रोचक चुनाव 2019 का ही रहा है। इसमें कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा और वे चुनाव हार गए। इस बार 2024 का चुनाव भी अभी से रोचक बनता जा रहा है। इस बार यहां भी मोदी फैक्टर हावी है। अब चुनाव परिणाम किस करवट बैठेगा यह तो नहीं कह सकते, किंतु जिस तरह से माहौल बना हुआ है, ऐसे में लगने लगा है कि भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होगी। भोपाल लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में चुनाव होना है।


आलोक शर्मा


अरुण श्रीवास्तव

## पिछले चुनाव में भाजपा को मिले थे 61% वोट

एक तथ्य यह भी है कि पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा को कुल 61.54 फीसदी वोट मिले थे। हालांकि 2014 के चुनाव के मुकाबले भाजपा को 1.65 फीसदी कम वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा सिंह को कुल 8,66,482 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के दिग्विजय सिंह को 35.63 फीसदी यानी कुल 5,01,660 वोट मिले थे। हालांकि कांग्रेस 2014 के चुनाव के मुकाबले 5.24 फीसदी ज्यादा वोट हासिल करने में कामयाब हुई थी। बसपा के माधो सिंह अहिरवार को 11,277 वोट मिले थे। नोटा को 5,430 वोट मिले थे। वहीं 2014 के चुनाव में भाजपा के आलोक संजर को 63.19 फीसदी, कांग्रेस के पीसी शर्मा को 30.39 फीसदी, बसपा के सुनील बोरसे को 0.90 फीसदी वोट मिले थे।

## लोकसभा क्षेत्र में कुल कितनी विधानसभा

संसदीय क्षेत्र भोपाल में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें भोपाल जिले के सात जिसमें भोपाल उत्तर, नरेला, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, भोपाल मध्य, गोविंदपुरा, हुजूर, बैरसिया व सीहोर जिले का सीहोर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इन आठ में से छह पर भाजपा का कब्जा है, जबकि दो विधानसभा क्षेत्रों भोपाल उत्तर में आतिफ अकील व भोपाल मध्य से आरिफ अकील कांग्रेस के विधायक हैं। इसी तरह बैरसिया विधानसभा में भाजपा के विष्णु खत्री, नरेला से विश्वास सारंग, भोपाल दक्षिण-पश्चिम से भगवान दास सबनानी, गोविंदपुरा से कृष्णा गौर, हुजूर से रामेश्वर शर्मा व सीहोर से सुदेश राय भाजपा से विधायक हैं। भोपाल लोकसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां भाजपा विजयी होती आई है।

## आबादी में जातीय समीकरण

भोपाल लोकसभा क्षेत्र के आठ में से दो विधानसभा क्षेत्र भोपाल उत्तर में 52 फीसदी हिंदू व 48 फीसदी मुस्लिम हैं। जबकि भोपाल मध्य में 60 फीसदी हिंदू व 40 फीसदी मुस्लिम हैं। किंतु दोनों सीटों पर कांग्रेस वह भी मुस्लिम प्रत्याशी ही जीतते हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि भोपाल उत्तर में हिंदू आबादी में सुदर्शन, जाटव व वाल्मिकी समाज के वोटर हैं। ऐसा माना जाता है कि वे पारंपरिक रूप से कांग्रेस के पक्ष वोट करते हैं। यही स्थिति भोपाल मध्य में भी है। बहुतायद अनुसूचित जाति की झुग्गी बस्तियों की आबादी को आसानी से वोट में तब्दील करने की कोशिश होती रहती है। बाकी क्षेत्रों में मिलाजुला है। यहां कोई जातीय समीकरण नहीं है। भाजपा हमेशा से चुनाव जीतती रही है।

## खबर संक्षेप

### आज से होंगी बी-फार्मेसी की परीक्षाएं

**सीहोर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) भोपाल ने बी फार्मेसी की परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। बी फार्मेसी (पीपीआई) फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 2 अप्रैल से शुरु होगी और 8 अप्रैल तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद प्रैक्टिकल एग्जाम 9 से 29 अप्रैल तक कराने के लिए कॉलेजों को निर्देश दिए हैं। विवि के अधिकारियों का कहना है कि ऐसे टाइम टेबल तय किया गया है, जिससे परीक्षा पर लोकसभा चुनाव का कोई असर नहीं होगा।

### आम सभा, रैली, जुलूस के लिए एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये है। आदेशानुसार जिले में आम सभा, रैली, जुलूस के पूर्व संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्व भादसं की धारा -144 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# मतदान करने आने वाले मतदाताओं को न हो कोई परेशानी : कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने 18-विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत इछावर एवं भेरूंदा विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/इछावर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने 18-विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत इछावर एवं भेरूंदा विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह एवं एसपी मयंक अवस्थी ने मतदान केन्द्र कांकरखेड़ा-1 एवं मतदान केन्द्र कांकरखेड़ा-2 श.उ.मा.वि.इछावर-1 एवं इछावर-2 नालंदा, भाऊखेडी, लसूडिया कांगड़, बोरदीकला-1 एवं बोरदीकला-2 और नादान सहित अनेक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए पेयजल एवं छाया के लिए टैंट के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदान केन्द्रों में पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, और दिव्यांगों के लिए रैम्प, मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, शौचालय, साफ.सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने रिटर्निंग अधिकारीए सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा बीएलओ से संबंधित मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या गत मतदान के प्रतिशत तथा स्वीप गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। एसपी मयंक अवस्थी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों तथा सेक्टर अधिकारियों से संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने तथा असामाजिक एवं अवांछित व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। बाहरी व्यक्तियों के आगमन एवं उनकी गतिविधियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान कर सके इसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने देखी मध्यान भोजन की गुणवत्ता

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह जिले के भ्रमण के दौरान जिले के अनेक मतदान केन्द्रों का दौरा कर निरीक्षण किया। इसी श्रृखला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाड़कुई में मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के बारे में उन्होंने भोजनशाला का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राएं जहां भोजन ग्रहण करते है वहां जाकर स्वयं भोजन चख कर गुणवत्ता देखी। इसके साथ ही उन्होंने दिए जाने वाले मध्यान भोजन के बारे एवं प्रतिदिन के भोजन के मीनू के बारे में छात्र-छात्राओं से जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए की निर्धारित मीनू के अनुसार विद्यार्थियों को अच्छी गुणवत्ता का भोजन दिया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की।

### स्कूलों में कम उपस्थिति पर कलेक्टर ने चार प्रधानाध्यापकों को दिया नोटिस

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अपने भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2024 से प्रवेश प्रारंभ प्रक्रिया का अवलोकन किया और निर्देश दिये की नवीन शिक्षा सत्र में समस्त स्कूलों में बच्चों को नवीन कक्षाओं में अधिक से अधिक प्रवेश दिये जाना सुनिश्चित किया जायेगा और नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया जाये। कलेक्टर सिंह के भ्रमण के दौरान शासकीय शाला कांकरखेड़ा, शा.शाला लसुड़लिया कांगर, बोरदीकला, नादान स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में बच्चों की बहुत कम उपस्थिति पाई जाने एवं स्कूलों में साफ-सफाई और अतिक्रमण की जानकारी पाई जाने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुये कांकरखेड़ा के प्रभारी प्रधानध्यापक, और शासकीय माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधानध्यापक रामसिंह ठाकुर, स्वरूप सिंह गोफनिया और तुकाराम सनोटिया कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जमील खान, जनपद सीईओ शिवानी मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेलवे अंडर ब्रिज से टकराई यात्री बस, 16 घायल, दो लोगों की हालत गंभीर

**नरसिंहगढ़ से सीहोर आ रही थी बस, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया**




**सीहोर।** शहर के मुरली रेलवे अंडर ब्रिज पार करते समय एक यात्री बस उसकी दीवार से टकरा गई है। हादसे में बस में सवार 16 घायल हो गए, इनमें से दो की हालत गंभीर है। घायलों में पढ़ने आने वाले कुछ विद्यार्थी भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार घटना सुबह लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। बस नरसिंहगढ़, कुरावर, श्यामपुर होते हुए सीहोर आ रही थी। यातायात पुलिस सीहोर के प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ का कहना है कि बस ने पहले एक टवेरा को टक्कर मारी उसके बाद अंडर ब्रिज की दीवार से टकरा गई है। ऐसी जानकारी सामने भी आ रही है कि बस का ब्रेक फेल हो गया था और चालक ने गाड़ी पर संतुलन खो दिया। जिसके कारण हादसा हुआ। हादसे में 16 लोग घायल हो गए। डायल हंड्रेड की मदद से घायलों का प्राथमिक उपचार करने के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

घायल हुए हिमांशु सिंह ने बताया कि वह बस में नियमित तौर पर सफर करते हैं। उन्होंने कई बार बस कंडक्टर से इस बात की शिकायत भी की थी कि बस में क्षमता से अधिक सवारियां भरी जा रही है। आज भी बस ओवरलोड थी। घायलों में सभी घायल आसपास के क्षत्रों के हैं। घायलों में संतोष, विनोद, पवन, गौरव, सलीम, तनु,शब्बीर, अनस, निखिल, दिनेश, प्रयास, राके, कनक, पूजा, तनु शामिल हैं।

**बढ़ा आर्थिक बोझ : बोर, कुओं और टैंकरों से खरीदकर लेना पड़ रहा पानी**

# सात महीने बाद भी नहीं डाली पाइप लाइन, गर्मी में जल संकट से जूझ रहे हैं 150 परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एक तरफ तेज गर्मी पड़ने लगी है तो दूसरी तरफ क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। लापरवाही इस कदर हो रही है कि पिछले 7 महीने से जहां की लाइन टूट चुकी है उसे आज तक नहीं डाला जा सका। अब गर्मी में लोग पानी के लिए यहां परेशान हो रहे हैं। बोरों, कुओं के अलावा लोगों को 300 से 400 रुपए में पानी का टैंकर खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है। इस लापरवाही से करीब 150 परिवार पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। लोगों में पानी को लेकर अब गुस्सा दिखाई देने लगा है। हुआ यह कि कोलीपुरा से झागरिया चौराहा तक फोरलेन का निर्माण होना था। सड़क का निर्माण जब शुरू हुआ तो बेस बनाने के लिए नीचे से खुदाई करना पड़ी। इस बीच मंदिर के पास के सभी घरों के लिए जा रही पानी सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पहले तो यह कहा गया कि सड़क बन जाए तो इसके बाद पानी की सप्लाई लाइन को डाला जाएगा। सीसी रोड होने के कारण पानी की लाइन को पहले की तरफ नीचे से नहीं डाला जा सकता है। सड़क को बने तो कई महीने हो गए लेकिन पाइप लाइन नहीं डल सकी।

### टैंकरों से ले रहे हैं पानी

यहां के लोगों का कहना है कि इस समय तेज गर्मी पड़ना शुरू हो गई है। ऐसे में पानी की अधिक खपत हो रही है। इधर नगर पालिका का अमला नई लाइन डालने को तैयार नहीं है। हमें तो टैंकरों से खरीदकर पानी लेना पड़ रहा है। इस समस्या का समाधान कब तक होगा, यह कह पानी मुश्किल है। इस संबंध में सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि शीघ्र ही सप्लाई लाइन डालने का काम शुरू किया जाएगा। नई सप्लाई लाइन आ चुकी है। इस सप्ताह लाइन डाल दी जाएगी।

# भीषण गर्मी को देखते हुए प्रांतीय शिक्षक संघ ने स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग की



**सीहोर।** प्रदेश में लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में शिक्षा विभाग 1 अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रांतीय शिक्षक संघ ने मांग की है कि भीषण गर्मी के प्रभाव को देखते हुए 1 अप्रैल से स्कूल संचालित करने का समय परिवर्तित किया जाए। स्कूल संचालित करने का समय सुबह की पारी 7 बजे से 12 बजे तक निर्धारित किया जाए। प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर से मिला और उनसे समय परिवर्तन की मांग की।

प्रांतीय शिक्षक संघ में कहा है कि दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और बिजली की समस्या रहती है इससे छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पढ़ने की संभावना है। गर्मी से बच्चे बीमार भी पढ़ सकते हैं।शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्रों में प्रातः के समय अभिभावक का मिलना आसान होता है और पालक संपर्क के माध्यम से छात्र संख्या बढ़ने से लेकर छात्रों की अधिक उपस्थित सत्र की उपयोगिता को सार्थक करेगी। पूर्व में भी भीषण गर्मी को देखते हुए समय परिवर्तन किया जाता रहा है। इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना ,संगठन मंत्री बलराम पवार प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, राजेंद्र परमार, नरेश मेवाडा, आशीष शर्मा, निर्भय बारबा, भीम सिंह कीर, हेमंत मालवीय, दिनेश मेवाड़ा, विजय बजाज, आलोक श्रीवास्तव मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### एक्जिट पोलः 19 से 1 जून तक प्रतिबंधित

**सीहोर** | लोकसभा चुनाव 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से 1 जून की शाम 6.30 बजे तक चुनाव के संबंध में किसी भी प्रकार का एक्जिट पोल का आयोजन, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इसकी अधिसूचना भारत निर्वाचन आयोग ने जारी कर दी है।

### एसईसीआर में भर्ती के लिए आवेदन 12 तक

**सीहोर**। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने बिलासपुर डिवीजन के अप्रेंटिस के 700 पदों पर भर्ती निकाली है। यह अप्रेंटिशिप एक्ट 1961 और अप्रेंटिसशिप नियमावली 1962 के तहत एक साल के लिए की जाएगी। अभ्यर्थी apprentice-shipindia. gov.in पर जार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 12 अप्रैल है। उम्मीदवारों को 10वीं-12वीं पास होने के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई किया होना चाहिए।

### टर्म एंड एजाम के फार्म 22 तक भरे जाएंगे

**सीहोर**। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जून-2024 टर्म एंड परीक्षा (टीईई) के लिए परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इससे पहले बिना विलंब शुल्क के पंजीकरण की समय सीमा 31 मार्च निर्धारित की थी। इच्छुक उम्मीदवार इग्नू की अधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। 22 अप्रैल के बाद आवेदन करने वाले उम्मीदवारों से 1100 रुपए विलंब शुल्क लिया जाएगा।

### उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी

**सीहोर**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी, जिससे मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें। साथ ही राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी।

### आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य

**सीहोर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहित प्रभावशी हो गई है और लोकसभा निर्वाचन-2024 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा गत दिवस आदेश जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों एवं विभागों को निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक आदर्श आचार संहिता का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना का निर्देश जारी किये गये है।

### भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ व्यापारी संवाद कार्यक्रम

# विकास ही हमारी विश्वसनीयता, उसी के आधार पर भाजपा चल रही हैः अग्रवाल

होटल रामाश्रय में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल हुए उपस्थित। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने व्यापारियों से की चर्चा।




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विचार करके देखें, आज देश कहां खड़ा हैं। दस वर्ष पूर्व जब कोई प्रधानमंत्री विदेश जाता था तो पता ही कहां चलता था। आज दूसरे देश का प्रधानमंत्री, राष्ट्राध्यक्ष प्रोटोकाल तोड़कर हमारे प्रधानमंत्री का स्वागत करने को आतुर दिखाई देता हैं। भारत का राष्ट्रीय ध्वज लेकर बच्चे निकल रहे हो तो बमबारी थम जाती है। रॉकेट दागना बंद हो जाता है ।क्या कोई सोच सकता है । फांसी की सजा रूक जाती हैं। हमारी अर्थ नीति कहां से कहां पहुंच गई है। चारो ओर विकास हो रहा हैं ।यही तो हमारी विश्वसनीयता है। आज भारतीय जनता पार्टी विश्वसनीयता के आधार पर चल रही है। हमे राष्ट्र निर्माण के लिए काम करना है। सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी भी इसी दिशा में कार्यरत हैं। यह बात होटल रामाश्रय में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कही।

अग्रवाल ने प्रतिष्ठित व्यापारी बंधुओ से सीधा संवाद करते हुए उनके सुझाव एवं समस्याओं को भी जान। भारत माता, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए व्यापारी संवाद कार्यक्रम में भाजपा सांसद प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक है । जिसे पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने अपने जोशीले भाषण में देवास शाजापुर क्षेत्र से कार्यकर्ताओं द्वारा लिए गए अबकी बार, 6 लाख पार की जीत के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम को लोकसभा प्रभारी बहादुर मुकाती, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन भाजपा के जिला महामंत्री पंकज वर्मा ने किया।

मंचासीन अतिथियों का स्वागत अशोक सोमानी, राकेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, रितेश जैन, वरुण अग्रवाल, विशाल जैन, निलेश छाबड़ा, शंभू अग्रवाल जयंत जैन, शुभम यादव, शेखर कौशल, राजेश गुप्ता ने किया, आभार संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सर्वश्री दिलीप बांगर, दिलीप सिंह जाधव बाबा साहब, नितेश जैन संयोजक भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ, राजेश गुप्ता, अरविंद महाजन अध्यक्ष कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन, गिरधर गुप्ता सचिन केमिस्ट एसोसिएशन, दिलीप गुप्ता अध्यक्ष खाद बीज व्यापारी संघ, ऋषि सोनी सचिव सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन, मनोहर पमनानी अध्यक्ष शक्कर व्यापारी संघ, बिहारी लाल पाटीदार नगर अध्यक्ष खाद्य बीज व्यापारी संघ, अजब सिंह ठाकुर, राजेश गोस्वामी डेरी उत्पाद व्यापारी संघ, संजय पोरवाल अध्यक्ष अनाज व्यापारी संघ, राजेश खत्री अध्यक्ष और शासकीय शिक्षण संस्था, राधेश्याम सोनी सर्राफा व्यापारी, राकेश गुप्ता अध्यक्ष किराना व्यापारी एसोसिएशन, समीर मुंदडा लघु उद्योग, दिनेश गुप्ता सचिव कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन, दिलीप चौधरी अध्यक्ष सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन, दिनेश भूतड़ा पूर्व संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ, मनोहर पमनानी आदि रहे मौजूद।

# कहां लुप्त हो गया बागली को जिला बनाने का मुद्दा

### चर्चाओं से भी दूर हुआ मुद्दा



**बागली**। बागली को जिला बनाने को लेकर किए गए थे कई आंदोलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

विधानसभा चुनव 2023 से पहले बागली को जिला बनाने का मुद्दा काफी उठाया गया था। जिसको लेकर थाना चौराहे पर लगभग एक माह से अधिक समय तक, जिला बनाओ समिति के लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। बागली को जिला बनाने के समर्थन में आसपास के गांवों का समर्थन लेकर, रैलिया, ज्ञापन एवं बड़े प्रदर्शन भी किए गए थे। लेकिन विधानसभा चुनाव 2023 कि आदर्श आचार संहिता लगने के दौरान धरना प्रदर्शन खत्मकर दिया गया था।

उस दौरान कहा गया था, कि आदर्श आचार संहिता के कारण धरना स्थगित किया गया है। विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद फिर से मांग उठाई जाएगी। लेकिन 2024 के लोकसभाचुनाव का बिगुल बज चुका है। आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। लेकिन अब बागली को जिला बनाने के मुद्दे को लेकर चर्चा तक बाजारों में सुनने को नहीं मिल रही है। मानों कि यह मुद्दा कहीं लुप्त हो गया है। ना ही जिला बनाओ समिति के सदस्य नजर आ रहे हैं। हालांकि 2023 में आदर्श अचार संहिता लगने के कारण जिला बनाओ समिति को भंग करने की बात कही गई थी। आखिर ऐसा क्या कारण रहा की विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद बागली को जिला बनाने का मुद्दा नहीं उठाया जा रहा है। इस बात को लेकर हर किसी के मन में प्रश्न है। हालांकि चर्चा यह भी है कि उस आंदोलन के पर्दे के पीछे का उद्देश्य और कुछ ही था।

# निर्धन गरीब बेटियों के विवाह में रजक समाज आया आगे





### विवाह सम्मेलन में बेटियों को उपहार देने 51 हजार की राशि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में धोबी समाज द्वारा वर्ष 2002-2003 में सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रम भंवर लाल मालवीय, जमना प्रसाद, कैशल मालवीय, तुलाराम मालवीय, जगदीश मालवीय, रमेश मालवीय, पुरण लाल मालवीय, घीसीलाल पटेल, रंगलाल पटेल, हरि सिंह बरेठा सहित अन्य सदस्यों द्वारा आयोजित किए गए थे। उन सभी कार्यक्रमों के बाद करीब 10 हजार की राशि बची थी। उक्त राशि स्वर्गीय जमना प्रसाद के पुत्र मुकेश बरेठा ने 51 हजार कर निर्णय लिया की यह राशि समाज की गरीब और निर्धन बेटियों के विवाह में उपयोग किया जाएगा। इसी के चलते सीहोर समिति के सदस्यों ने 27 अप्रैल को बैरसिया में स्थित ग्राम तरावली के मां हरसिद्धि मंदिर में मालवीय रजक समाज सुधार समिति द्वारा आयोजित होने वाले निःशुल्क विवाह सम्मेलन में सहयोग करने का निर्णय लिया। रविवार को तरावली में सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर आयोजित हुई बैठक में सीहोर धोबी रजक समाज के लोग शामिल हुए। जहां पर बैरसिया मालवीय रजक समाज सुधार समिति के पदाधिकारियों से कार्यक्रम को लेकर चर्चा करने के बाद उक्त राशि आयोजन समिति को सौंपी गई। इस दौरान सीहोर समिति सदस्य जमना प्रसाद बरेठा के पुत्र मुकेश बरेठा ने बताया कि उक्त राशि समाज की धरोहर के रूप में सुरक्षित रखी हुई थी। जिसे कई बार सामाजिक कार्यक्रमों में उपयोग करने का प्रयास किया गया, लेकिन उक्त राशि उपयोग नहीं हो सकी। सायद समाज की बेटियों के कन्यादान के लिए ही इस राशि का उपयोग होना था, जो आज सामूहिक विवाह सम्मेलन में यह राशि सभी के निर्णय के बाद विवाह सम्मेलन समिति को सौंपी जा रही है। श्री बरेठा ने कहा कि अगर आगे भी सामाजिक कार्यों में जरूरत पड़ेगी तो वह सदैव समाज हित में सहयोग के लिए तैयार रहेंगे। इस दौरान रमेश मालवीय, दिनेश मालवीय, हरिप्रसाद मालवीय, इमरत लाल मकरैया, कैलाश मालवीय, मुकेश बरेठा, संजय मालवीय, गोविंद मालवीय, प्रकाश मालवीय सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### अनुबंध पत्र का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर**। अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है।

# ग्राम मुस्करा के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव




**सीहोर** । नवीन शैक्षणिक वर्ष 2024 25 के प्रारंभ होने पर आज 1 अप्रैल 2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुस्करा में प्रवेश उत्सव मनाया गया । शाला की प्राचार्य नीलोफर नासिर के मार्गदर्शन में शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजन अर्चन कर नवीन बच्चों को तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। शाला के शिक्षक व बच्चों द्वारा ढोल के साथ रैली निकाली गई व घर-घर जाकर शासकीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आग्रह किया गया। तदोपरांत बच्चों को पुस्तकें व मिठाइयों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को प्रेरित किया गया कि वह अपने छोटे भाई बहन का प्रवेश शासकीय विद्यालय में ही करवाएं ताकि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाएं निशुल्क गणवेश , मध्यान भोजन , साईकिल, किताबें व निःशुल्क उच्च गुणवत्ता शिक्षा का लाभ उन्हें मिल सके।

विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रवेश उत्सव आयोजन प्रभारी व परीक्षा प्रभारी डी. एल. मांडेकर द्वारा सभी बच्चों को मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक वी.पी.मालवीय, लक्ष्मणसिंह साकलिया, हरिओम विश्वकर्मा, शंकरलाल बकोरिया, विनीत कौशल, भगवत वर्मा, नरेंद्र नामदेव, अरविंद पटेल, अंजु जावरिया, ललिता विश्वकर्मा, प्रमिला ठाकुर, अर्जुन कलेसरिया, दिनेश दांगी, अंकित श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# पार्किंग जोन की समस्या से जूझ रहा शहर, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की सबसे बड़ी समस्या वाहनों के पार्किंग की है। हालत यह है कि पूरे बाजार की सड़कों के दोनों तरफ दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े होने पर यहां से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती है। इस समस्या से शहर सालों से जूझ रहा है। इसके बाद भी अभी तक नपा इस समस्या का समाधान नहीं कर सकी है। आलम यह है कि सड़कों की साइडों पर वाहन पार्किंग होने से बार-बार जाम की समस्या बनती है।

शहर में ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके अलावा शहर में लगातार जनसंख्या वृद्धि हो रही है। लेकिन नपा ने अभी तक शहर में पार्किंग की समस्या को कोई स्थााई समाधान नहीं खोजा है। शहर के मुख्य बाजार की सड़कों पर हर रोज 10 से 15 हजार वाहन आते हैं। जो सड़कों पर ही खड़े हो रहे हैं। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। यदि इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और बढ़ जाएगी। बीते दशकों में शहर का फैलाव तो हुआ लेकिन वाहन पार्किंग के लिए और स्थाई समाधान नहीं हो हो सका है। लोगों को यह समझ नहीं आता है कि आखिर वे वाहनों को कहां खड़ा करें।

### इन स्थानों पर पार्किंग की समस्या

गांधी रोड गांधी रोड की हालत यह है कि यहां पर सुबह से रात तक भीड़ ही रहती है। यहां पर कपड़े के अलावा चूड़ी और महिला सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों की संख्या अधिक है। इसलिए महिलाओं की भीड़ इस बाजार में देखने को मिलती है। इसके अलावा सराफा बाजार में में सोने और चांदी की दुकानें हैं जिस कारण से यहां पर भी त्योहारी सीजन में काफी भीड़ हुआ करती है। वैसे तो हर रोज ही यहां पर भीड़ रहती है। लेकिन खासकर त्योहारी सीजन में समस्या बढ़ जाती है।

### महिला मंडल के तत्वावधान में मनाया फाग उत्सव



**सीहोर**। शहर के चाणक्यपुरी में जय माता ग्रुप के तत्वाधान में फाग उत्सव का आयोजन किया गया था। इस मौके पर समाजसेवी अरुणा सुदेश राय का ग्रुप की ओर से रीना गौड सहित अन्य ने स्वागत किया। इस मौके पर राय ने कहा कि होली का पर्व हमारी परम्परा है। उसको पूरे उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इस मौके पर महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर फाग उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान अबीर और गुलाल से फाग मनाया गया।

### गर्मी के मौसम में कई बार अचानक बांस के झुरमुटों में लग जाती है आग

# बांस के झुरमुटों में अचानक आग लगीः भोपाल इंदौर रोड पर चर्च मैदान के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भोपाल इंदौर रोड पर चर्च मैदान के पास स्थित बांस के झुरमुटों में अज्ञात कारणों से आग लग गई है। आग लगने की सूचना के बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचे हैं और आग पर काबू पा रहे हैं।जानकारी के अनुसार, भोपाल इंदौर मार्ग पर बांस का घना झुरमुट है। जो चर्च मैदान के पास स्थित है।

सोमवार की दोपहर लगभग ढाई बजे इन बांस के झुरमुटों में अचानक आग लग गई। आग की लपटें ऊपर तक उठने लगी। इसी बीच फायर ब्रिगेड को अनेक राहगीरों ने सूचना दी जिसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा रही है। गौरतलब है कि हर साल बांस के झुरमुटों में भीषण गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं कई बार घटित होती हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण यह बताया जाता है कि तेज गर्मी में जब हवा चलती है तो बांस के झुरमुटों में बास आपस में टकराते हैं और इनमें आग लग जाती है। लेकिन आज किन कारणों से आग लगी। अभी तक इसका पता नहीं लग सका है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह संपन्न




**सीहोर**। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर का होली मिलन समारोह एवं सहभोज कार्यक्रम स्थानीय भूतेश्वर महादेव मंदिर पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे सीहोर नगर के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या मे सम्मलित हुए। उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर के जिला अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने कहा कि क्षत्रिय महासभा क्षत्रिय राजपूतों का सबसे पुराना संगठन है, जो राजपूतों के उत्थान तथा एकता के लिए कार्य करता है। उन्होंने युवाओं से समाज के हित मे कार्य करने की अपील की। बैठक मे उपस्थित सदस्यों ने समाज हित मे अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से महासभा के धीरेन्द्र सिंह राजावत, युवा वाहिनी अध्यक्ष वीरेन्द्र तोमर, मुकेश दरबार, विजय सिंह तोमर, शिव शंकर सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ.बलवीर सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, दिनेश सिंह ठाकुर, मुकेश सिंह ठाकुर, संदीप सिंह चन्देल, जयदीप सिंह तोमर, राहुल जादौन, छतर सिंह चौहान, सुरेन्द्र ठाकुर, मान सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे।

## पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने निर्माण के समय नहीं दिया था गुणवत्ता पर ध्यान

# 50 करोड़ से बने राजगढ़-खुजनेर मार्ग के शोल्डर कई जगहों पर उखड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कुछ ही सालों पहले करीब 50 करोड़ की लागत से बनाए गए राजगढ़-खुजनेर मार्ग के निर्माण में गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया था। अधिकारियों द्वारा सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं किए जाने से पेटी कान्टेक्टर घटिया निर्माण करके चले गए। उक्त घटिया निर्माण अब जाहिर होकर सामने आ रहे हैं। मार्ग के शोल्डर (पटरी) अनेकों जगहों पर तीन से छह इंच तक धंस गए हैं। ऐसे में बाईक चालक अक्सर हादसों का षिकार हो रहे हैं। आपको बतादे कि राजगढ़ मुख्यालय से क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव के गृहनगर खुजनेर तक इस उक्त मार्ग को बनवाया गया था। जब बड़े जनप्रतिनिधियों के रोजाना आवाजाही वाले मार्गों की यह हालत है तो क्षेत्र के अन्य मार्गों की स्थिति का स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



**पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने नहीं की थी मॉनिटरिंग**

50 करोड़ की भारी-भरकम लागत वाले इस निर्माण की उस समय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भी ठीक तरह से मॉनिटरिंग नहीं की थी। हैंडओवर के पहले ही यह सीसी सड़क अनेक जगहों पर दरारें पड़ गई थीं। इन दरारों को छिपाने के लिए निर्माण एजेंसी ने कैमिकल भी डलवाया था। नगर से मंडी रोड के नजदीक ही ये दरारे उभरकर सामने आई थीं।

### अनेकों बाइक सवार हो चुके हैं घायल और मृत

बीते करीब चार सालों की बात करें तो राजगढ़ से खुजनेर की सीसी सड़क पर आधा सैकड़ा से अधिक बाइक सवार शोल्डर उखड़ने सहित अन्य कारणों से घायल हो चुके हैं। पांच बाइक सवारों की मौत भी इस मार्ग पर हो चुकी है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मांग की है कि उखडे हुए शोल्डरों, पटलियों की भराई करवाई जाए अन्यथा दुर्घटनाएं होती रहेंगी।

### इनका कहना है...

बीएसएनएल वालों ने भी कई जगहों पर लाइनों के लिए खुदाई कराई थी। ऐसे में शोल्डर खराब हुई हैं। विभाग ने पत्राचार भी किया है। कल ही उन्हें रिमाइंडर करवाते हैं। यदि, रिपेयर नहीं करवाया जाता है तो एफआईआर की कार्रवाई भी कराई जा सकती है।

- आकाश दुबे, कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी, राजगढ़

### चोटिल हो रहे हैं बाइक सवार, हो रहे हादसे

राजगढ़ से करेड़ी के बीच ही कई जगहों पर शोल्डर 3 से 6 छह इंच तक उखड़ गए हैं। शोल्डर/पटरी उखड़ जाने से बाईक चालक अक्सर हादसों का षिकार हो रहे हैं। रात्रि के समय अगर कोई बाईक चालक सड़क के नीचे आ जाए तो पुनः बाईक सड़क पर लाने के दौरान दुर्घटनाएं हो रही हैं। बड़ी जनहानि की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। एक हफ्ते पहले ही इस मार्ग पर रात्रि के समय हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। अगर इन शोल्डरों/पटलियों को नहीं भरवाया गया तो आगे भी इस तरह की दुर्घटनाओं की संभावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता।

## आचार संहिता में कलेक्टर के आदेश की अवहेलना

# बीएमओ साहब अवकाश पर, अस्पताल में डॉक्टर नहीं पर्चा बनवाकर घर से बुलाना पड़ता है तब इलाज होता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

तहसील मुख्यालय पर स्थित सरकारी सीविल अस्पताल में तमाम अनियमितताओं का बोलबाला है। रात्रि के समय इमरजेंसी में कोई डाक्टर नहीं रहता। ओपीडी खाली रहती है। मरीज इलाज के लिए जब अस्पताल पहुंचता है तो पर्चा बनवाकर या दूसरे कर्मचारी ड्यूटी डाक्टर के घर ले जाते या अस्पताल में बुलवाकर इलाज कराना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला शनिवार रात को देखने को मिला, जब ब्लाक मेडिकल आफिसर स्वयं छुट्टी पर रात्रि में अस्पताल में ड्यूटी डाक्टर मौजूद नहीं जब एक व्यक्ति को परिजन इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल की ओपीडी सहित इमरजेंसी में कोई डाक्टर मौजूद नही थे। ओपीडी पर्चा काउंटर भी खाली पड़ा था। ऐसे में जब परिजन ने वहां मौजूद अन्य कर्मचारी से जानकारी हासिल की तो ओपीडी पर्चा काउंटर वाले भोजन कर रहे थे। कर्मचारी ने पर्चा बनाया इसी दौरान अस्पताल के गार्ड ने ड्यूटी डाक्टर को फोन लगाकर बुलवाया तब जाकर मरीज का उपचार हो सका।

### अस्पताल में नहीं थे डॉक्टर

शनिवार रात्रि करीब साढ़े नो बजे अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे धर्मेंद्र सिह सोनगिरा ने बताया की अचानक पैर व कमर दर्द हाथ पैर ठंडे लगने पर अस्पताल में उपचार के लिए आये तो यहा डाक्टर नही थे। ओपीडी पर्चा काउंटर पर खाली पडा था ओपीडी इमरजेंसी में कोई कर्मचारी मौजूद नही थे।पर्चा बनावाने के बाद घर से आये डाक्टर ने उनका उपचार किया उन्होंने कहा की अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने वाला कोई नही है यहा मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस संबंध में जब ब्लाक मेडिकल आफिसर डाक्टर मनोज कुमार गुप्ता को लोगों ने जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि मैं बाहर हु छुट्टी पर गया हूं। हालांकी मरीज का रात्रि कालीन ड्यूटी डाक्टर द्वारा उपचार भी किया गया। मगर जब लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर रहने के लिए आदेश जारी किया गया है तो बीएमओ अवकाश पर कैसे चले गए। रात 8 बजे के बाद पहुंचने वाले मरीजों को या तो ड्यूटी डाक्टर घर बुलाकर इलाज करते या ज्यादा गंभीर होने पर अन्य कर्मचारी फोन पर सूचना देकर डाक्टर को बुलाते हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार अधिकारीयों सहित जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में अवगत भी कराया गया है परंतु आज भी उक्त समस्या दूर नही हो सकी है जिससे क्षेत्र के लोगों की समस्या दूर हो सके।

### आचार संहिता लागू फिर भी बीएमओ छुट्टी पर

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों अधिकारियों की छुट्टी निरस्त कर मुख्यालय पर रहने के आदेश दिए गये हैं, बावजूद ब्लाक मेडिकल आफिसर छुट्टी लेकर बाहर हैं। ऐसे में अस्पताल की व्यवस्थाओं के साथ मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

मैंने अभी जानकारी लगने पर इलाज किया। वैसे मैं अभी छुट्टी पर हूं। सुबह आकर देखता हूं।

डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता, ब्लाक मेडीकल आफिसर

दिखवाती हूं...

बीएमओ तीन दिन पहले बच्चों को घर छोड़ने की मुझसे बोलकर गए थे। लेकिन अभी तक मुख्यालय पर क्यो नही है मैं बात करती हूं। अभी कोई भी छुट्टी पर नही रह सकता मैं दिखवाती हूं।

डॉक्टर किरण वाडिवा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़

## मंदिर में संपन्न बैठक में स्वर्णकार समाज की कार्यकरिणी गठित



**राजगढ़।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की बैठक विगत दिवस भंडारा गली स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में इस वर्ष होने वाले सामाजिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार करते हुए समाज की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से गठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष मनीष सोनी, उपाध्यक्ष कुंजबिहारी सोनी, रामबाबू सोनी पिपलोदी, कैलाष सोनी, कोषाध्यक्ष राजेष सोनी, सुरेष सोनी, सचिव नितेष सोनी, धनसंग्रह समिति में राजेष सोनी, राजेंद्र सोनी, सचिव सुरेष सोनी, हरिप्रसाद सोनी, दीपक सोनी, मीडिया पभारी विनोद सोनी को बनाया गया है। वहीं संरक्षकगणों में हरिप्रसाद सोनी, संजय सोनी, जगदीश सोनी, राकेश सोनी, दीपक सोनी, अंतिम सोनी, विशाल सोनी, राजेंद्र सोनी शामिल हैं। उक्त बैठक में कार्यकारिणी गठन के साथ ही समाज के अन्य विषयों, मुद्धो इत्यादि भी चर्चा करते हुए निर्णय लिए गए हैं।

## हिन्दू उत्सव समिति ने किया गेर का आयोजन, परंपरागत गेर में जमकर नाचे लोग

# रंगपंचमी पर निकली गेर, जमकर उड़ा रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में रंग पंचमी के पर्व पर परंपरागत गेर निकाली गई। इस पर्व को नगर में बड़े ही उमंग पूर्ण वातावरण के साथ मनाया गया। हिन्दू उत्सव समिति द्वारा निकलने वाली इस परम्परागत गेर में लोग जमकर झूमे और जमकर रंग गुलाल उड़ाया। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि हर वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी रंगपंचमी की गेर की धूमधाम से मनाई गई। जिसमें नगर का भरपूर सहयोग रहा। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार भी व्यक्त किया। स्थानीय शीतला माता मंदिर से आरती के बाद शुरू हुई गेर विभिन्न मार्गों से होती हुई चिंता हरण हनुमान मंदिर पहुंची। जहां गेर का समापन भी आरती के साथ किया गया।



### फायर ब्रिगेड से उड़ाया रंग गुलाल

शनिवार को गेर सुबह 9 बजे शीतला माता मंदिर मातामण्ड मोहल्ले से शुरू हुई। जो सुठालिया रोड, मैन मार्केट, जगात चैक, एसडीएम निवास, इंदौर नाका, एबी रोड़, पीपल चैराहा होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंची। जहां आरती के बाद गेर का समापन हुआ। गेर में नाचते गाते युवा, एक दूसरे को बधाई देते नागरिक नजर आए। फायर ब्रिगेड के माध्यम से जमकर रंग गुलाल उड़ाया गया।

### हर्षोल्लास से मनाया रंगपंचमी का पर्व



**खिलचीपुर।** शनिवार को नगर में धूलेडी के बाद रंग पंचमी पर्व लोगों ने बड़े हर्ष उल्लास से मनाईसुबह से ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक के चेहरे रंग, गुलाल से रंग बिरंगी दिखाई दिये। मुख्य बाजार , इमली स्टैंड, भोजपुर नाका, थावरिया बाजार, गायत्री कॉलोनी , सुभाष चैक,वही महिलाएं भी टोली बनाकर रंग बिरंगे चेहरे लिये सामूहिक होली खेलती हुई दिखाई दी।जगह जगह पुलिस के लगे रहे पहरे।
रंग पंचमी पर्व शांति सौहार्द पूर्वक मनाया जावे, नगर में कहीं कोई शराब पीकर उत्पात ना मचावे को लेकर पुलिस प्रशासन ने जगह जगह , मुख्य चैराहों पर जवानों को तैनात किया गया।

# राजगढ़ में होगा 24 कुंडीय महायज्ञ, भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गायत्री परिवार के तत्वावधान में आगामी 27 से 30 अप्रैल तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाना है। इस हेतु राजगढ़ स्थित यज्ञ स्थल प्रज्ञा भवन में गुना अन्य स्थानों से आए पदाधिकारियों द्वारा भूमिपूजन संपन्न करवाया गया। भूमिपूजन अवसर पर नारायण सिंह शर्मा ने वर्तमान परिस्थितियों में गायत्री परिवार की भूमिका प्रतिपादित की। जोन प्रभारी महेश केवट ने गायत्री महायज्ञ के महत्व पर चर्चा करते हुए अन्य उद्धगार व्यक्त किए। यज्ञ के सफल आयोजन के लिए समयदान, अंशदान की अपील भी की गई। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी अनिल शर्मा ने आयोजन की सफलता के लिए आधिकाधिक लोगों से जुड़ने का आगृह किया। उक्त महायज्ञ में संपूर्ण राजगढ़ जिले से गायत्री परिवार के श्रृद्धालुओं से आने का आव्हान किया गया है।



# नवोदय में प्रवेश के लिए 8 बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

पिपल्या कलां गांव से प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी छात्रों की मेहनत तथा अभिनंदन नवोदय कोचिंग सेंटर पिपल्या कलां के संचालक अनारसिंह दांगी के मार्ग दर्शन में सुपर 20 के बैच में से 8 बच्चे अतुल पिता राजकुमार नाथ, हेमराज पिता रामरतन दांगी, अंकित पिता जगदीश दांगी, सोमबाबु पिता चंपालाल दांगी, राघवेन्द्र पिता जगदीश दांगी, नवनीत पिता जीतमल दांगी, धर्मेंद्र पिता पवन गौड़,मनीषा पिता कुशाल दांगी सभी पिपल्या कलां के निवासी का नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। पिपल्या कलां तथा आसपास के गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था तथा कई वर्षो से लगातार छात्रों का नवोदय में प्रवेश होता आ रहा है। नवोदय में प्रवेश के लिए बच्चो की इस सफलता से पूरे गांव तथा आसपास के क्षेत्र में खासा उत्साह तथा चर्चा है। लोगों द्वारा बच्चों तथा शिक्षकों को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी जा रही है।




## पचोर नगर में आयोजित बैठक में शामिल हुए राजेंद्र शुक्ल

# हमारे कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी की जान हैंः डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं मप्र चुनाव सहप्रभारी सतीष उपाध्याय की उपस्थिति में रविवार दोपहर पचोर में भाजपा की टोली कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम शुक्ल ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। हमारे पास कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही प्रदेश और केंद्र में हमारी सरकार है। कार्यकर्ता अगर घर-घर पहुंचेगे तो तीसरी बार भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। कांग्रेस सरकार में वैष्विक रूप से देष की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर थी जो अब अच्छे मुकाम पर है। आगामी 2027 तक हमारा देष विश्व की महाशक्ति बनेगा। राम मंदिर का विरोध करने वालों का उन्हीं के दल के लोग अलविदा कह रहे हैं।



बैठक में मप्र चुनाव सह-प्रभारी सतीष उपाध्याय, राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, लोसभा प्रभारी कांतदेव सिंह, विकास विरानी, जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा विषेष रूप से उपस्थित हुए। इनके साथ ही जिले के भाजपा पदाधिकारी व अन्य इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहे।

## भोपाल से नलखेड़ा जाते समय मऊ हाइवे पर कांग्रेसजनों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री

# देश और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता को बताना होगा : दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

एक तरफ जहां चंदे का धंधा कर रही भाजपा देश में सरकार चला रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल का अकाउंट फ्रीज कर, मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर और हर स्वतंत्र आवाज को दबाकर वो विपक्ष को जायज ढंग से चुनाव तक नहीं लड़ने देना चाहती। केंद्र सरकार की कुनीति है कि जो भाजपा के साथ नहीं उसे जेल, जो भाजपा को चंदा दे उसे बेल, प्रमुख विपक्षी दल के साथ नोटिस का खेल तथा इलेक्टोरल बॉण्ड के लिए ब्लैकमेल। इस झूठी, अहंकारी और भ्रष्ट सरकार का सच बताने के लिए कांग्रेसजनों को आगे आना होगा और देश और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता को बताना होगा। देश में व्याप्त महंगाई को कम करने, 2700 रुपये गेहूं खरीदी, महिलाओं को 3000 रुपये और 450 में गैस सिलेंडर न मिलने का मुद्दा जन-जन तक पहुंचाना होगा।



इसलिए हमारे द्वारा वादा निभाओ पद यात्रा निकाली जा रही है और जनता के हक की लड़ाई लड़ी जा रही है।

उक्त उद्गार शनिवार रात्रि भोपाल से नलखेड़ा जाते समय मऊ हाइवे पर ठहरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजगढ से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस दौरान कांग्रेस नेता मोहन जाटव के नेतृत्व में श्रीसिंह का स्वागत किया। इस दौरान श्रीसिंह ने आगे कहा कि यह लडाई भाजपा और जनता के अधिकारों के बीच है, जिसमें हम जनता के साथ खडे हैं। लोकतंत्र की जीत में ही, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की जीत है। जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की।

### रोजगार देने में विफल है केंद्र सरकार

केंद्र सरकार के पास रोजगार के लिए कोई योजना नहीं है। यही वजह है कि इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024 न सिर्फ रोजगार पर सरकार की भीषण नाकामी का दस्तावेज है बल्कि कांग्रेस की रोजगार नीति पर मुहर भी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के कुल बेरोजगारों में 83 फीसद युवा हैं, या तो उनके पास नौकरी है ही नहीं या वह बहुत ही कम मेहनताने पर बुरी दशा में काम करने को मजबूर हैं। रिपोर्ट कहती है 65 फीसद पढ़े लिखे युवा बेरोजगार हैं। कांग्रेस की युवा रोशनी की गारंटी स्टार्ट-अप्स के लिए 5000 करोड की मदद लेकर आ रही है। हम श्रमिक न्याय के तहत उनका जीवन बदलने जा रहे हैं। कांग्रेस की नीतियां ही रोजगार की गारंटी हैं, कांग्रेस का मतलब रोजगार क्रांति। जबकि भाजपा का मतलब बेरोजगारी और बेबसी है। केंद्र सरकार रोजगार देने में विफल है। इस मौके पर कांग्रेसी मौजूद थे।

